# छात्राओं ने नशामुक्ति रैली निकाल कर लोगों को किया जागरूक

## नशामुक्ति दिवस पर उत्कृष्ट विद्यालय में विविध स्पर्धाएं आयोजित

**मंडला, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अंतर्गत शासकीय जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय मंडला में दो दिवसीय विविध आयोजन किए गए। सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांस कूमट के निर्देशन व प्राचार्य कल्पना नामदेव के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के मध्य नशा मुक्ति विषय पर रंगोली, चित्रकला, निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। रंगोली में प्रथम स्थान सिमरन चौरसिया, द्वितीय ललिता ठाकुर, तृतीय अर्चना कुलस्ते, निबंध में प्रतियोगिता में प्रथम वैदेही पटेल, द्वितीय शैलेन्द्र यादव, तृतीय स्थान गौरव नन्दा ने प्राप्त किया। जन सामान्य को नशा मुक्ति के लिए जागरूक करने के लिए विद्यालय परिसर से नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए नशा मुक्ति जागरूकता रैली आयोजित की गई।

नशा मुक्ति के नारों के साथ विद्यार्थियों ने जन सामान्य तक नशा मुक्ति का संदेश पहुंचाया। चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से नशे से होने वाली हानियों को विद्यार्थियों ने प्रदर्शित किया। चित्रकला में प्रथम सिमरन ठाकुर, द्वितीय शिजा अली, तृतीय स्थान श्रेयांश बर्मन ने प्राप्त किया। इस अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। विभिन्न प्रतियोगिताओं का संयोजन नागेंद्र चौहान, प्रवीण अग्रवाल, कीर्ति शुक्ला, शालिनी साहू, रंजना पांडे के द्वारा किया गया। करियर काउंसलर अखिलेश उपाध्याय के द्वारा नशे के दुष्प्रभाव से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। सभी विद्यार्थियों ने नशा नहीं करने का एक साथ संकल्प




लिया। इस आयोजन में विद्यालय के शिक्षक शैलेष जयसवाल, कन्हैया बरमैया, सोनल अग्निहोत्री, सुजाता शर्मा, शिवम मिश्रा, नाथू सिंह, घोसी शालिनी साहू, सारिका तिवारी स्वाती भारद्वाज वंदना श्रीवास्तव दिलेंद्र सिंगौर का सहयोग रहा।

### अवैध जुआफड़ पर दबिश, 1 लाख का सामान किया जब्त

**मंडला, देशबन्धु।** प्राप्त सुचना पर मंडला पुलिस की गठित टीम द्वारा जुऑ फंड पर रेड कार्यवाही की गई। कार्यवाही एसडीओपी मण्डला पीयूष मिश्रा के निर्देशन में उप निरीक्षक विकाश तोमर के नेतृत्व में मण्डला पुलिस की टीम द्वारा जुआ फंड पर कार्यवाही की गई, मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा शारदा कॉलोनी बिंछिया पटेल किराना दुकान के पीछे छापा मारकर जुआ पकड़ा गया। घटना में पकड़े गये व्यक्तियों में सभी मण्डला क्षेत्र के कुल 08 जुआरियों के विरुद्ध कार्यवाही कर फंड से नगदी राशि कुल 3400/- रूपये, 02 टू व्हीलर वाहन कीमती 1 लाख रूपये एवं 52 ताश के पत्ते मश्रुका जप्त किया गया। थाना कोतवाली में सभी के विरुद्ध जुऑ अधिनियम एवं भारतीय न्याय सहिंता की धारा 49, 112 मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

# कलेक्टर ने किया मिलेट प्रोसेसिंग यूनिट का निरीक्षण



**मंडला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने मोहनटोला में एक जिला एक उत्पाद अंतर्गत स्थापित मिलेट प्रसंस्करण इकाई (न्यूट्रीजो मिलेट्स प्राईवेट लिमिटेड) का निरीक्षण किया। उन्होंने इकाई के संचालक से प्रोसेसिंग यूनिट के विषय में विस्तार से जानकारी ली। साथ ही प्रोसेसिंग मिल की अलग-अलग यूनिट्स में अनाज की सफाई, मिलिंग, पॉलीसिंग, पैकिंग एवं भंडारण क्षेत्र का निरीक्षण किया। न्यूट्रीजो मिलेट्स प्राईवेट लिमिटेड इकाई ओडीओपी अंतर्गत स्थापित की गई है। उपसंचालक कृषि ने बताया कि बायर, सेलर मीट के माध्यम से मंडला जिले में उत्पादित हो रहे मिलेट्स की प्रोसेसिंग के लिए यूनिट की स्थापना के प्रयास किए गए। यूनिट के लिए उद्यमी को एमएसएमई के माध्यम से 40 प्रतिशत सब्सिडी प्रदाय की गई है। यूनिट की क्षमता 2 टन प्रति घंटा है। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, उपसंचालक कृषि अश्विनी झारिया, संचालक आत्मा परियोजना श्री आरडी जाटव, एसडीओ कृषि मधु अली सहित संबंधित उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### नपा उप निर्वाचन हेतु मतदान दल का प्रशिक्षण तथा ईवीएम के लिए मास्टर ट्रेनर नियुक्त

**मंडला, देशबन्धु।** नगरपालिका उप निर्वाचन हेतु मतदान दल का प्रशिक्षण तथा ईव्हीएम के लिए मास्टर ट्रेनर नियुक्त किये गये हैं। सहायक प्राध्यापक महि.महा. मंडला डॉ. एसके धूमकेती एवं ग्रंथपाल रा.दुर्गा.शास. महि.महा. मंडला डीके रोहितास प्रथम प्रशिक्षण 30 जून तथा द्वितीय प्रशिक्षण 2 जुलाई को दोपहर 12:30 बजे से गोलमेज कलेक्टेव्ट में संपादित कराएंगे। इसी प्रकार सहायक प्राध्यापक बिछिया रोहणी कोष्टा एवं ओमप्रकाश झारिया 7 जुलाई 2025 को संबंधित मतदान केन्द्र पर मतदान समाप्ति तक एवं 10 जुलाई को मतगणना स्थल पर सौंपे गए कार्य का संपादन करेंगे।

### जिला शिक्षा स्थायी समिति की बैठक संपन्न

**मण्डला, देशबन्धु।** जिला शिक्षा स्थायी समिति की बैठक जिला पंचायत मंडला के सभाकक्ष में 25 जून 2025 को आयोजित की गई। बैठक में पिछली बैठक की कार्यवाही का पालन के संबंध में निर्देशित किया गया। नवीन शैक्षणिक सत्र को लेकर की गई, अध्यक्ष द्वारा निर्देश दिये गये हैं कि संस्था में सभी बच्चों का शत-प्रतिशत प्रवेश कराया जाये, लंबित अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों को निराकरण करने के निर्देश दिये गये। प्राथमिक, माध्यमिक शाला के मरम्मत पर चर्चा की गई। बैठक में शिक्षा समिति के अध्यक्ष इंजीनियर कमलेश तेकाम, सदस्य जगत मरावी, श्रीमती गीता मरावी, श्रीमती सावित्री धूमकेती, सहायक आयुक्त श्रीमती वंदना गुप्ता, सर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं समस्त प्राचार्य कन्या शिक्षा परिसर, समस्त प्राचार्य एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, सर्व बीआरसी उपस्थित रहे।

### एसडीएम बिछिया ने आरटीई नियमों के उल्लंघन पर विद्या निकेतन ककैया को किया सील




**मण्डला, देशबन्धु।** बिछिया एसडीएम सोनाली देव ने बुधवार को विद्यानिकेतन स्कूल ककैया का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूल द्वारा निर्धारित मानदंडों के उल्लंघन पाए जाने पर स्कूल को सील कर दिया। एसडीएम सोनाली देव ने जिला परियोजना अधिकारी, सहायक परियोजना समन्वयक और ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के साथ संयुक्त रूप से स्कूल का निरीक्षण किया। जांच के दौरान स्कूल मान्यता संबंधी नियमों का उल्लंघन, स्कूल का भवन अत्यधिक जर्जर और शौचालयों की स्थिति भी निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया। साथ ही स्कूल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निर्धारित मानदंडों का उल्लंघन करते हुए एक जर्जर भवन में संचालित किया जा रहा था। एसडीएम सोनाली देव ने तत्काल कार्रवाई करते हुए विद्यानिकेतन स्कूल ककैया को सील करने की कार्यवाही की।

### नमामि नर्मदे महाआरती ट्रस्ट में आजीवन सदस्य के रूप में शामिल हुए गणेश जैसवानी



**मंडला, देशबन्धु।** नमामि नर्मदे महाआरती ट्रस्ट में गुरूवार 26 जून को पावर ट्रेक्टर, स्वराष्ट्र ट्रेक्टर मंडला के संचालक श्री गणेश जैसवानी आजीवन ट्रस्टी सदस्य के रूप में शामिल हुए। श्री गणेश जैसवानी ने कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा को नमामि नर्मदे महा आरती ट्रस्ट के पक्ष में आजीवन सदस्यता शुल्क का चैक प्रदान किया। उन्होंने जिला परिवहन अधिकारी श्री बिमलेश गुप्ता की उपस्थिति में ट्रस्ट की सदस्यता ग्रहण की।

### मॉनिटरिंग समिति की बैठक 2 जुलाई को

**मंडला, देशबन्धु।** अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में 2 जुलाई 2025 दिन बुधवार को 3:30 बजे से गोलमेज कलेक्ट्रेट परिसर मंडला में आयोजित किया जाना है।

## कलेक्टर ने किया प्रगतिशील मत्स्य पालक के तालाब का निरीक्षण



**मंडला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट ने प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनांतर्गत ग्राम गौंझी माल विकासखण्ड मण्डला में मत्स्यपालक श्री मयंक मर्सकोले के स्वयं की भूमि में निर्मित फिशपोंड का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने मत्स्यपालक से चर्चा करते हुए मत्स्यपालन की तकनीक, लागत, मछलियों को दिए जाने वाले फीड, बिक्री तथा लाभ के विषय में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उपसंचालक कृषि, सहायक संचालक मत्स्योद्योग मण्डला, संचालक आत्मा परियोजना, एसडीओ कृषि एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नगरीय निकाय के उप निर्वाचन 2025 (पूर्वाद्ध) हेतु सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश

**मंडला, देशबन्धु।** नगरीय निकाय के उप निर्वाचन 2025 (पूर्वाद्ध) हेतु नगर परिषद भुआ बिछिया के वार्ड क्रमांक 13 पार्षद के रिक्त पद के लिये निर्वाचन 7 जुलाई 2025 को कराया जाना है।

कार्यालय रिटर्निंग ऑफिसर नगरीय निकाय बिछिया से 6 जुलाई 2025 को प्रात: 11 बजे से मतदान दल मतदान केन्द्रों के लिये रवाना होंगे तथा 10 जुलाई 2025 को प्रात: 9 बजे से मतगणना होना निर्धारित है। निर्धारित दिनाकों को संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर नगरीय निकाय को उक्त कार्य की सुरक्षा हेतु आवश्यक सुरक्षा बल उपलब्ध कराएंगे।

## मोहगांव परियोजना तहसील घुघरी में मिशन शक्ति के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन




**मण्डला, देशबन्धु।** मोहगांव परियोजना तहसील घुघरी में मिशन शक्ति के अंतर्गत वन स्टॉप सेंटर के नेतृत्व में विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को वन स्टॉप सेंटर मण्डला की विधिक केस वर्कर श्रीमती प्रभा पाण्डे द्वारा वन स्टॉप सेंटर में दी जाने वाली सहायता की जानकारी दी गई। साथ ही बाल विवाह के रोकथाम के लिए चर्चा भी की गई। केस वर्कर श्रीमती साक्षी पटवा ने आवश्यक हेल्पलाईन नं. 181, 1098, एवं 1930, शी बॉक्स एवं हब अंतर्गत दी जाने वाली सहायताओं के बारे में बताया। विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से पैरालीगल वॉलेंटियर श्रीमती शिखा श्रीवास्तव ने विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लोगों को दी जाने वाली सहायताओं एवं उनके सारथी अभियान के संबंध में तथा विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय के टेलीफोन नं. 07642-299078 एवं टोल फ्री नं. 15100 की जानकारी दी गई।

**न्यायालय चतुर्थ जिला न्यायाधीश महोदय मंडला ( म.प्र. )**
**( पीठासीन अधिकारी विवेकानंद त्रिवेदी )**
**एम.जे.सी.क. 208/24**
**नियत दिनांक 22/07/2025**
**श्रीमति राजवैजंती पत्नि स्व. ललता सिंह गौंड उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम बसनी थाना मवई, तहसील बिछिया जिला मंडला म.प्र.**

- अपीलार्थी/वादी

विरूद्ध

1- जमना बाई पत्नि स्व. ललता सिंह तेकाम उम्र 58 वर्ष निवासी चायटोला केवलारी थाना व तहसील बिछिया जिला मंडला म.प्र. 2- आम जनता ....उत्तरवादीगण / प्रतिवादीगण

### //आम इस्तहार //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, अपीलार्थी/वादी द्वारा इस न्यायालय में व्यवहार अपील अंतर्गत आदेश 41 नियम 01 सहपठित धारा 96 व्य0प्र0सं0 प्रस्तुत किया गया है जिसका एम.जे.सी.नं. 208/24 है प्रस्तुत किया गया है जिसमें अपालार्थी/ वादी मृतक ललता सिंह तेकाम की विधिवत विवाहिता पत्नि घोषित किय जाने हेतु अपील वाद प्रस्तुत किया गया है।

अत: जिस भी किसी व्यक्ति, संस्था को अपीलार्थी/वादी के पक्ष में स्व. ललता सिंह तेकाम की पत्नि घोषित किये जाने में कोई आपत्ति हो तो नियत तिथि 22/07/25 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से मय दस्तावेजो के उक्त प्रकरण में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें यदि किसी कारणवश उक्त सुनवाई दिनांक को अवकास होता है तो आगामी कार्यदिवस को न्यायालय के कार्य समय 11 बजे उपस्थित होवें अन्यथा उक्त अपीलार्थी/वादी के पक्ष में आगामी कार्यवाही की जावेगी। अत: आज दिनांक 23/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा से जारी किया गया।

**मण्डला, दिनांक-23/6/25**

**( श्रीमान विवेका नंद त्रिवेदी )**
**चतुर्थ जिला न्यायाधीश**
**मंडला म.प्र.**

### ऊर्जा विभाग मंडला मध्यप्रदेश में लगातार आठवी बार प्रथम

**मंडला, देशबन्धु।** ऊर्जा विभाग मण्डला द्वारा सतत् प्रयास करते हुए अक्टूबर 2024 से मई 2025 तक लगातार आठ महीने से उपभोक्ताओं की वॉल्टेज संबंधी शिकायत, मीटर संबंधी शिकायतें खम्भे एवं तार संबंधी शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण किया गया एवं त्रुटिपूर्ण बिलों को सुधार कर उचित अनुमोदन प्रदान कर शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करते हुये माह मई 2025 में भी 99.81 प्रतिशत स्कोर प्राप्त कर, ऊर्जा विभाग मण्डला प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# एपीसी बैठक के पूर्व विभागीय तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित



**मंडला, देशबन्धु।** कृषि एवं संबद्ध विभागों की राज्य स्तर से होने वाली एपीसी बैठक के मद्देनजर विभागीय तैयारियों की समीक्षा बैठक गोलमेज कक्ष में आयोजित की गई। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने बैठक में संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि बैठक के लिए तैयार अंतिम प्रस्तुतिकरण के स्लाईडवार विवरण तैयार रखें। प्रस्तुतिकरण में नवाचार और सफलता की कहानियों को अनिवार्य रूप से शामिल करें। सफलता की कहानियों में आगे की कार्ययोजना का भी समावेश आवश्यक रूप से करें इसमें मल्टीपल स्कीम्स का कन्वरजेंस करने की कार्ययोजना भी बनाई जा सकती है। सहायक संचालक उद्यानिकी को निर्देशित करते हुए सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि शासकीय योजनाओं के साथ-साथ जिले के नवाचार को अपने प्रस्तुतिकरण में शामिल करें।

सहकारिता की समीक्षा करते हुए उन्होंने समितियों के कामकाज के बेहतर प्रस्तुतिकरण के लिए आवश्यक सुझाव दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, उपसंचालक कृषि, सहायक संचालक कृषि, संचालक आत्मा परियोजना, उपसंचालक पशुपालन, उपसंचालक मत्स्यपालन, सहायक संचालक उद्यानिकी, सहकारिता अधिकारी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर टाउनहॉल में जागरुकता कार्यक्रम



**मंडला, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर नगरपालिका टाउनहॉल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा ने संबोधित करते हुए कहा कि नशे के कारण होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक दुष्प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने किस प्रकार नशा एक व्यक्ति के जीवन को बर्बाद कर देता है और परिवार तथा समाज पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। नगर पालिका अध्यक्ष ने युवाओं से नशे से दूर रहने और एक स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का आग्रह किया है। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक न्याय विभाग पीयुष पांडे सहित नगरपालिका के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय कृणभावनामृत संघ उज्जैन के मार्गदर्शन में भगवान जगन्नाथ रथयात्रा 1 जुलाई को

**मंडला, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ इस्कॉन के सौजन्य से भव्य जगन्नाथ रथयात्रा का आयोजन 1 जुलाई को मण्डला में किया जा रहा है। यह आयोजन इस्कॉन उज्जैन की प्रेरणा से हो रहा है। पूरे प्रदेश में 34 स्थानों पर रथयात्रा निकाली जा रही है। इस पुनीत कार्य का नेतृत्व भक्ति प्रेम स्वामी महाराज कर रहे हैं, जो इस्कॉन उज्जैन के अध्यक्ष और दीक्षा गुरु हैं।

यह दो किलोमीटर लंबी रथयात्रा दोपहर 1 बजे राम मंदिर पड़ाव मंडला से शुरू होकर चिलमन चौक, रेडक्रॉस, नेहरू स्मारक होते हुए माहिष्मती घाट, माँ नर्मदा के तट पर समाप्त होगी। रथयात्रा का समापन शाम 7:30 बजे भंडारे (प्रसाद वितरण) के साथ किया जायेगा। यात्रा में 15 फीट ऊँचा विशेष रथ, जिसमें 10 फीट ऊँचा समायोज्य गुंबद भी है, उज्जैन से मंडला लाया जा रहा है।

इस शोभायात्रा में विशेष आकर्षण के रूप में आदिवासी सांस्कृतिक दल शामिल होकर पारंपरिक कीर्तन और नृत्य द्वारा भगवान श्री जगन्नाथ की सेवा करेंगे। उज्जैन से भक्तों की टोली भी इस रथयात्रा में शामिल रहेगी, पूरे मार्ग में हरिनाम संकीर्तन करती हुई वातावरण को भक्तिमय बनाएगी।

### विद्युत विभाग की लापरवाही दुर्घटना को दे रही आमंत्रण



**मण्डला, देशबन्धु।** ग्राम घाघा मंडला की है यह हाई टेंशन लाइन है पोल कभी भी गिर सकता है विद्युत विभाग को संबंधित किसान एवं ग्रामीणों ने लिखित में सुधार करने आवेदन दे दिया गया है लेकिन जिला प्रशासन के जिम्मेदार अब तक ध्यान नहीं दे रहे हैं। शायद भीषण दुर्घटना का सभी को इंतजार है।